दिनांक 28.09.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कुछ समय पूर्व ही लगाया गया पेवर ब्लॉक क्षतिग्रस्त हालत में मिला

भिलाईनगर / कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे द्वारा निरंतर मॉर्निंग विजिट किया जा रहा है! इसी कड़ी में भिलाई निगम आयुक्त श्री सर्वे ने वार्ड क्रमांक 30 बालाजी नगर एवं वार्ड क्रमांक 33 क्षेत्र का मार्निंग विजिट किया। श्रीराम चौक खुर्सीपार अंग्रेजी माध्यम स्कूल के समीप पहुंचने पर उन्होंने पेवर ब्लाक को खराब स्थिति में पाया, पेवर ब्लाॅक कहीं से उखड़ गया था तो कहीं से क्षतिग्रस्त हो गया था। जबकि कुछ समय पूर्व ही सड़क किनारे लगभग 14 लाख की लागत से पेवर ब्लाक लगाया गया है। इन सब कारणों को देखते हुए आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों से पेवर की स्थिति को लेकर विस्तृत जानकारी चाही, लेकिन अधिकारी संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये। आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुये तत्काल पेवर ब्लाॅक को पुनः व्यव्यस्थित तरीके से लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित उप अभियंता चंद्रकांत साहू पर नाराजगी जाहिर की! आयुक्त से निर्देश मिलने के दूसरे दिन अधिकारियों ने कार्रवाई से बचने के लिए हरकत में आकर पेवर ब्लाॅक को व्यव्यस्थित कराया! आयुक्त ने निरीक्षण में यह पाया कि खुर्सीपार क्षेत्र के यादव मोहल्ला में नाली काॅफी दिनों से चोक हो गया है , नाली पूरी धसक चुकी है। इस पर उन्होंने नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये है। बालाजी नगर के यादव मोहल्ला में उन्होंने पेयजल की स्थिति देखी।

कुछ घरो में टंकी से प्राप्त होने वाले अंतिम छोर होने के कारण पानी का प्रेशर कम आ रहा था! जलकार्य विभाग एवं जोन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। 20 दिनों बाद इस समस्या का समाधान कर लिया जायेगा। आयुक्त ने कहा कि निर्धारित समय में व्यवस्था सुधार ले मैं पुनः निरीक्षण करने आउंगा, वहीं बालाजी नगर में निरीक्षण के दौरान 9 -10 भैंस खटाल वालो के द्वारा नाली में गंदगी फैलाने को लेकर उन्होंने जुर्माना लगाने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर , उप अभियंता नितेश मेश्राम एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण पर होता रहे काम -

निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निरीक्षण के दौरान डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम पर किये जा रहे काम को देखा! घरों में जाकर स्वयं उन्होंने कूलर की जांच की! कुछ घरो के कूलर में पानी भरा था , जिसे टेमिफाॅस का उपयोग करते हुये खाली करवाये! स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि निरंतर इसकी

मॉनिटरिंग करें! टेमिफाॅस वितरण , फाॅगिंग, मलेरिया आॅयल एवं मैलाथियान छिड़काव की जानकारी भी आयुक्त ने ली।